# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

## हल्द्वानी

# महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ

## माह जुलाई, 2019

## मा0 उच्च शिक्ष मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन

उच्च शिक्षा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 धन सिंह रावत ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कुलपति की उपस्थिति में सभी विद्याशाखा निदेशकों, अधिकारियों अनुभाग प्रभारियों की बैठक ली तथा विश्वविद्यालय के सभी अनुभागों की समीक्षा की।

कुलपति प्रो0 ओ0 पी0 एस0 नेगी ने उच्च शिक्षा मंत्री को पुष्प गुच्छ व सौल भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया और कुलसचिव भरत सिंह ने विश्वविद्यालय की वस्तु स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

प्रो0 आर0 सी मिश्र ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली और प्रगति आख्या की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 राजेन्द्र कैडा ने किया।




*समीक्षा बैठक लेते उच्च् शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत*

समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने निम्न बिन्दुओं पर दिशा निर्देश दिये –

- विश्वविद्यालय मे शुल्क मद के बचत कोष से 80 प्रतिशत खर्च कर विश्वविद्यालय के ढांचागत निर्माण का विकास किया जाय ।
- सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु 23 जुलाई तक विज्ञापन जारी किये जाएं, नियुक्तियों में सर्वण आरक्षण को पूर्णत: लागू किया जाए।
- विश्वविद्यालय में बायोमैट्रिक उपस्थिति सभी के लिए अनिवार्य किये जाएं।

- दीक्षांत समारोह प्रत्येक वर्ष आयोजित किये जाएं, दीक्षांत समारोह में कम से कम खर्च किया जाए, अधिक पैसा खर्य करने के बजाए उपाधि लेने वाले छात्रों की उपस्थिति संख्या पर ध्यान दिया जाए।
- विश्वविद्यालय किसी एक विशेष क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने का प्रयास करें।
- सामुदायिक रेडियो केन्द्र हैलो हल्द्वानी की सफल संचालन पर सामुदायिक रेडयो पर 10 मिनट का प्रस्तुतिकरण तैयार किया जाए, जिसे भारत सरकार में प्रस्तुत किया जाएगा।
- विश्वविद्यालय का भवन निर्माण का कार्य कम से कम 15 माह और अधिकतम 18 माह में पूरा कराया जाए।
- विश्वविद्यालय मे शैक्षिक कलेण्डर का अनुपालन किया जाए।
- उत्तर पुस्तिकाओं का केन्द्रीय मुल्यांकन कराया जाए।
- गढवाल क्षेत्र के लिए देहरादून परिसर से अध्ययन सामग्री बांटी जाए।
- विश्वविद्यालय के सभी 8 क्षेत्रीय कार्यालयों की समीक्षा कर उनका भैगोलिक आधार पर उनका पुनर्गठन किया जाए।
- सभी राजकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययन केन्द्र स्थापित किए जाएं।

बैठक में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी, अनुभाग प्रभारी मौजूद रहे। संचालन हिन्दी विभाग के डॉ0 राजेन्द्र सिंह कैड़ा द्वारा किया गया।

## योजना बोर्ड की 5वीं बैठक का आयोजन

दिनांक 22 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय की 5वीं योजना बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अनेक बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 12 (बी) के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर चर्चा के साथ अनुमोदन किया गया।

इसके अतिरिक्त बैठक में दूरस्थ शिक्षा पद्वति के विश्वविद्यालयों के लिए मानव संसाधन की आवश्यकता को लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग क ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक शैक्षिक व शिक्षणैत्तर पदों के सृजन पर चर्च की गई। विश्वविद्यालय में परीक्षा एमपीडीडी के भण्डार के लिए आधारभूत आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय की स्वयं के अन्य आय के स्रोत से भविष्य में भवन

निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कुल 8 प्रस्तावों पर योजना बोर्ड की मोहर लगी।




*;योजना बोर्ड की 5वीं बैठक में प्रतिभाग करते कुलपति व अन्य*

बैठक की अध्यक्षता मा0 कुलपति जी द्वारा की गई। बैठक में कुमांऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 बी एस राजपूत, इस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 सुभाष धूलिया, पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 बी0एस0 बिष्ट, निदेशक इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली के डॉ0 के रविकांत, प्रो0 आर0 सी0 मिश्र, प्रो0 दुर्गेश पंत, प्रो0 गिरिजा पाण्डे, वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल द्वारा प्रतिभाग किया गया। अन्त में कुलपति जी के धन्यवाद ज्ञापित करने के उपरांत बैठक सम्पन्न हुई।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से विज्ञान विषयों की मान्यता

मुक्त व दूरस्थ अधिनियम, 2017 के अनुपालन की सुनिश्चिता हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति द्वारा विश्वविद्यालय का दो दिवसीय दौरा किया गया। जिसके फलस्वरूप माह जून, 2019 मे विश्वविद्यालय को विज्ञान विषय के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (M.Sc. in Botany, Chemistry,

Environmental Science, Geography, Mathematics, Physics and Zoology) संचालन हेतु अनुमति यू0जी0सी0 द्वारा प्रदान की गई।

## विद्या परिषद की 15 वीं बैठक का आयोजन

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 15 वीं बैठक विश्वविद्यालय के सभागार में सोमवार को सम्पन्न हुई, बैठक कुल 22 प्रस्तावों पर चर्चा हुई जिनमें से अधिकतम प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया गया। 04 प्रस्ताव अध्यक्ष की ओर से अतिरिक्त रखे गये।




*उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 15 वीं बैठक के दौरान विद्या परिषद के सदस्य*

बैठक में सर्व प्रथम विद्या परिषद की 12 वीं, 13 वीं, तथा 14 वीं बैठकों के निर्णयों पर कार्यवाहीं की गई। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के अध्ययन बोर्डो की संस्तुतियों पर अनुमोदन दिया गया। विश्वविद्यालय के प्रश्नपत्रों में अब केवल दीर्घ उत्तरीय एवं लघु उत्तरीय प्रश्न ही होंगें, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हटाने की अनुमति परिषद ने दे दी है। विश्वविद्यालय में परम्परागत पद्धति के पाठ्यक्रमों को संचालित करने की भी संस्तुति परिषद ने दे दी है। विश्वविद्यालय में कुछ नये डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रमों को शुरू करने की संस्तुति भी प्रदान की गयी है। 30 मई, 2019 को सम्पन्न प्रवेश समिति की बैठक में लिए गये निर्णयों पर भी परिषद ने अपनी संस्तुति दी है। बी ए एकल विषय पुन: शुरू करने के लिए यूजीसी को प्रस्ताव भेजा जायेगा, नार्थ एक्रिडिएशन कमिशन यू एस ए द्वारा प्रदान किये जाने वाले हाई स्कूल डिप्लोमा को विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों के लिए मान्यता प्रदान की गई है।

**अध्यक्ष की ओर से रखे गये अतिरिक्त प्रस्तावों में** बाह्य शोधार्थीयों द्वारा शोध परियोजनाओं को उत्तराखण्ड मुक्त विश्विद्यालय के माध्यम से संचालित किये जाने एवं इस हेतु प्रक्रिया निर्धारित किये जाने पर संस्तुति दी गयी। व्यावसायिक अध्ययन

विद्याशाखा द्वारा कौशल विकास हेतु चार नये डिप्लोमा/प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। विधि विद्याशाखा के अन्तर्गत बैंकिग एण्ड इन्सोरेन्स लॉ एवं ह्यूमन राइट्स प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम संचालित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

बैठक कुलपति प्रो0 ओ0 पी0 एस0 नेगी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, बाह्य सदस्य के रूप में मानविकी एवं समाज विज्ञान महाविद्यालय, गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पन्तनगर के प्रोफसर बी0 एस0 कुमार, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ0 अनिता रावत, विश्वविद्यालय की ओर से प्रोफसर आर0 सी0 मिश्र, प्रोफसर एच0 पी0 शुक्ल, प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे, डॉ0 गगन सिंह, डॉ0 शशांक शुक्ल, कुलसचिव भरत सिंह, वित्त नियंत्रक आभा गर्खाल, उप कुलसचिव विमल कुमार मिश्र शामिल रहे।

## शोध एवं नवाचार

पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के शोधार्थी श्री हरीश चन्द्र लखेड़ा, (नामांकन संख्या–11015687), की पीएच0 डी0 उपाधि हेतु मौखिकी परीक्षा, शोध शीर्षक **"स्थानीकरण और समाचार पत्र : उत्तराखण्ड में प्रमुख मुद्यों के निर्माण में भाषाई समाचार पत्रों की भूमिका"** पर दिनांक 15 जुलाई 2019 को सम्पन्न करा ली गयी हैं।

प्रबन्ध अध्ययन एवं वाणिज्य विद्याशाखा की शोधार्थी श्रीमती सुनीता सांगुड़ी, (नामांकन संख्या–12027642), की पीएच0 डी0 उपाधि हेतु मौखिकी परीक्षा, शोध शीर्षक **"A Study of Economic Empowerment of Marginalized Sections Through Financial Inclusion."** पर दिनांक 22 जुलाई 2019 को सम्पन्न करा ली गयी हैं।

पर्यटन प्रबंध, आतिथ्य एवं होटल प्रबंध विद्याशाखा के शोधार्थी श्री अनुराग भोंसले, नामांकन संख्या–12029484, की शोध उपाधि समिति (RDC) की बैठक दिनांक 27 जुलाई 2019 को सम्पन्न करा ली गयी हैं।

## प्रवेश

- विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2019–20 का शैक्षणिक कलैण्डर जारी कर दिया है। इसके तहत् विश्वविद्यालय में 1 जुलाई, 2019 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
- दिनांक 31/07/2019 को उपलब्ध आकड़ों के अनुसार अब तक कुल 15808 प्रवेशार्थियों द्वारा प्रवेश लिया जा चुका है।
- प्रवेश की अन्तिम तिथि दिनांक 24/08/2019 तक तथा विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 30/08/2019 तक विस्तारित की गई है।

## परीक्षा

- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन दिनांक 10 जून, 2019 से 5 जुलाई, 2019 तक किया जिसमें मुख्य परीक्षा 45,363 परीक्षार्थी, बैक परीक्षा हेतु 8,740 परीक्षार्थी एवं सुधार परीक्षा हेतु 201 परीक्षार्थी **(कुल 54,304 परीक्षार्थी)** द्वारा परीक्षाऐं दी गई।
- दिनांक 14 जुलाई, 2019 को बी0एड0 (विशिष्ठ शिक्षा) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराई गई। यह परीक्षा रूड़की, देहरादून, ऋषिकेश, पौड़ी, पिथौरागढ़, रानीखेत व हल्द्वानी कुल 07 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हुई। इस परीक्षा हेतु कुल 656 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से कुल 540 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 24 जुलाई, 2019 को घाषित कर दिया गया है।
- विश्वविद्यालय द्वारा सहायक क्षेत्रीय निदेशक के 08 पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 28/7/2019 को राजकीय एम0बी0पी0जी महाविद्यालय, हल्द्वानी में कराया गया जिसमें 401 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।
- जुलाई माह में ऑनलाईन व ऑफलाईन माध्यम से आवेदित 60 मूल उपाधियॉ एवं 107 अन्तरिम उपाधि/अनापत्ति प्रमाणपत्र/सत्यापन वाहक/डाक से प्रषित की गई।

## <u>वृक्षारोपण कार्यक्रम</u>

दिनांक 20 जुलाई, 2019 को विश्वविद्याल में बैंक ऑफ बडौदा के सौजन्य से वृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मा0 कुलपति, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक, उपकुलसचिव व अन्य कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।







*वृक्षा रोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग करते मा0 कुलपति, कुलसचिव, वित्त नियंत्रक तथा बैंक ऑफ बडौदा के कर्मचारी*

## <u>''नई शिक्षा नीति–2019 के प्रारूप निर्माण में सुझाव'' विषय पर गोष्ठी का आयोजन</u>

विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विद्याशाखा की ओर से दिनांक 8 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय में 'नई शिक्षा नीति के प्रारूप निर्माण में सुझाव' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में नई शिक्षा नीति पर चर्चा कर विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा सुझाव रखे गये।

कुलपति प्रो0 ओ0 पी0 एस0 नेगी द्वारा नई शिक्षा नीति का प्रारूप सुझावों को अवश्यक बताया। प्रो0 एच पी शुक्ल ने भी नई शिक्षा नीति के प्ररूप पर सुझावों के महत्व पर प्रकाश डाला।

## SWAYAM के लिए Introduction to cyber security विषय पर MOOC हेतु ऑनलाईन पाठ्यक्रम का निर्माण

मानव संसाधन विकास मत्रालय (MHRD) द्वारा संचालित एवं वित्त पोषित परियोजना SWAYAM के लिए Introduction to cyber security विषय पर MOOC के निर्माण हेतु डॉ. जीतेंद्र पाण्डे- सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर विज्ञानं) को MHRD/IGNOU द्वारा 13.5 लाख(तेरह लाख पचास हजार रूपए मात्र) का अनुदान स्वीकृत हुआ, जिसके अंतर्गत साइबर सिक्यूरिटी विषय में 20 घंटे के विडियो लेक्चर स्वअध्यन सामग्री विकसित की गयी| यह कोर्स दिनांक 01 जुलाई 2019 से SWAYAM प्लेटफार्म पर उपलब्ध है| वर्तमान में करीब 48 देशों के लगभग 9000 छात्र इस कोर्स में पंजीकृत हैं|

## अध्ययन बोर्ड की बैठकों का आयोजन

विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के अंतर्गत विभिन्न विषयों की सम्पन्न अध्ययन बोर्डों (Board of Studies) द्वारा वर्तमान तथा नवीन प्रस्तावित कार्यक्रमों पर विचार–विमर्श/संशोधन किया गया जिन्हें दिनांक 29 जुलाई, 2019 को विद्या परिषद की 15वीं बैठक में संस्तुति प्रदान की गई। माह जुलाई में निम्न अध्ययन बोर्डों का आयोजन कराया गया–

1. दिनांक 8 जुलाई, 2019 को **वाणिज्य** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
2. दिनांक 8 जुलाई, 2019 को **भौतिक विज्ञान** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।

3. दिनांक 9 जुलाई, 2019 को **वनस्पति विज्ञान** की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
4. दिनांक 9 जुलाई, 2019 को **रसायन विज्ञान** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
5. दिनांक 10 जुलाई, 2019 को **प्राणि विज्ञान** की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
6. दिनांक 11 जुलाई, 2019 को **पर्यावरण विज्ञान** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
7. दिनांक 12 जुलाई, 2019 को **भूगोल** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
8. दिनांक 15 जुलाई, 2019 को **मनोविज्ञान** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
9. दिनांक 15 जुलाई, 2019 को **अर्थशास्त्र** विषय की अध्ययन बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।

## जुलाई 2019 में हैलो हल्द्वानी से प्रसारित प्रमुख कार्यक्रम

1. जुलाई माह में हैलो हल्द्वानी से लगभग 30 नए कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिसर से नाम से नए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। चूंकि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं लिहाजा प्रवेश को ध्यान में रखते हुए विवि के हर विभाग व हर विषय से संबंधित जानकारी इस प्रोग्राम में दी गई। इस प्रोग्राम में 15 विभागों की जानकारी अलग अलग समय पर प्रसारित की गई।



2. इसके अलावा कार्मस स्ट्रीम में करिअर की संभावनाओं पर भी तीन कार्यक्रमों का निर्माण किया गया, जिसमें कुमाऊं विवि अल्मोड़ा कैंपस के कार्मस विभाग के डीन डा. सिंघल व हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के डा. सुबोध कुमार ने शिरकत की।
3. उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद के जन्मदिवस पर पांच अलग अलग एपिसोड्स का निर्माण किया गया। जिसमें प्रेमचंद की कहानियों के नायक कौन, प्रेमचंद के उपन्यासों में समाज का चित्रण, प्रेमचंद के साहित्य में स्त्री विमर्श और प्रेमंचद के समग्र साहित्यिक योगदान पर उत्तराखंड मुक्त विवि के हिंदी विभाग के डा.शशांक शुक्ला व राजेन्द्र कैड़ा से बातचीत की गई।
4. उत्तराखंड की खेती व बागवानी पर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का निर्माण किया गया जिसमें मुक्तेश्वर में स्थिति टेरी संस्थान के वैज्ञानिक डा. नारायण दत्त से उत्तराखंड में बागवानी की संभावनाओं पर बातचीत हुई , साथ ही उत्तराखंड के टूरिस्ट क्षेत्रों में घटते खेती के रकबे की चुनौतियों पर बातचीत की गई।
5. विश्व जनसंख्या दिवस पर जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डा. एच एस बिष्ट से विस्तार से बातचीत की गई।
6. उत्तराखंड की प्रतिभाओं को मंच देने की कोशिश भी की गई। जिसमें सुदूर पिथौरागढ़ के हर्षित मेहता से बातचीत की गई जो कि मुंबई अभिनय की बारीकियां सीख रहा है।
7. हल्द्वानी में पीने का पानी लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में आर ओ लगाना हर इंसान की जरूरत बनता जा रहा है वाटर प्यूरीफिकेशन इंजीनियर डा. डी सी पंत से आर ओ की जरूरतों पर विस्तार से बातचीत की गई।

## अकादमिक गतिविधियॉ

- मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 12–13 जुलाई, 2019 को भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा आयोजित "North East Disability Summit" में प्रतिभाग किया गया, जिसका आयोजन गुवाहाटी, आसाम में किया गया।
- दिनांक 22 जुलाई, 2019 को विश्वविद्यालय की 5वीं योजना बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अनेक बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में विश्वविद्यालय

अनुदान आयोग की धारा 12 (बी) के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर चर्चा के साथ अनुमोदन किया गया।

- मा0 कुलपति जी द्वारा कुमांऊ विश्वविद्यालय के सोबन सिंह जीना परीसर में गणित विभाग सभागार में इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग एवं भारतीय इतिहास संकल्प समिति के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया।




*राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करते मा0 कुलपति।*

मा0 कुलपति जी ने संगोष्ठी में पहाडों से निरंतर हो रहे पलायन से हो रहे खतरे से अवगत कराया तथा इनको बचाने हेतु स्वरोजगारपरक पाठ्यक्रम की शिक्षा देने से सम्बन्धित सुझाव भी दिये।

- डॉ0 सिद्वार्थ कुमार पोखरियाल, समन्वयक विशिष्ट शिक्षा द्वारा दिनांक 09/07/2019 से दिनांक 13/07/2019 तक विद्यालयी एवं परिवार दिव्यांग बच्चों के व्यवहार को नियंत्रण करने हेतु विषय सतत पुनर्वास कार्यक्रम (Continous Rehabilitation Program – CRE) द्वारा देहरादून परिसर में आयोजन किया गया।
- डॉ0 भूपेन सिंह, सहायक प्रध्यापक, पत्रकारिता द्वारा दिनांक 14/07/2019 से दिनांक 27/07/2019 तक जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली में रिफ्रेसर कोर्स में प्रतिभाग किया गया ।

# अन्य गतिविधियॉ

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की धारा 12 (बी) के तहत विश्वविद्यालय द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किये जा चुके है।
- विश्वविद्यालय द्वारा संचालित योग पाठ्यक्रम में सबसे अधिक विद्यार्थियों की संख्या है। अब तक इस पाठ्यक्रम के 54 विद्यार्थी नेट परीक्षा में सफल हो चुके है।
- विश्वविद्यालय के सहायक क्षेत्रीय निदेशक के 08 पदों हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 28 जुलाई, 2019 को किया गया तथा अन्य शैक्षिक एवं शिक्षणैत्तर पदों पर रोस्टर कमेटी की बैठक आयोजित की जा चुकी है तथा नियुक्तियॉ प्रक्रियाधीन है।

विश्वविद्यालय से सम्बन्धित माह जुलाई, 2019 की मीडिया रिपोर्ट संलग्न है।

*************